संत थॉमस स्कूल, धुर्वा, राँची - 4

कक्षा 6 पुस्तक : मंथन

विषय हिन्दी

पाठ : 12 अँधेर नगरी

==

शब्दकोश -शब्दार्थ

भिक्षा - भीख ,	**आनंद** -हर्ष,खुशी,	**टका**- पुराने समय का सिक्का
कुँजड़िन - सब्जी बेचने वाली	**भाजी** -सब्जी	**अँधेर** नगरी-अव्यवस्थित नगरी
खाजा - एक प्रकार की मिठाई	**दुहाई** -पुकार	**मशक** -चमड़े का पानी भरने का थैला
गड़रिया - भेड़ -बकरी पालने वाला	**कोतवाल** -पुलिस थाने का प्रभारी	**नाहक** -व्यर्थ में
आफत -मुसीबत	**सूली** - फाँसी	**सिद्ध** -साबित
टिकठी - फाँसी का तख़्ता		

मौखिक

प्रश्न 1- हलवाई ने गोवर्धनदास को शहर के बारे में क्या जानकारी दी?

उत्तर-हलवाई ने गोवर्धनदास को बताया कि इस शहर में सब चीजें टके सेर बिकती है |

प्रश्न 2-महंत जी ने 'टके सेर भाजी, टके सेर खाजा' सुनकर अपने शिष्य से क्या कहा?

उत्तर-महंत जी ने 'टके सेर भाजी, टके सेर खाजा' सुनकर अपने शिष्य से कहा कि ऐसी नगरी में रहना सही बात नहीं है जहां टके सेर भाजी, टके सेर खाजा बिकता हो |

प्रश्न 3-फ़रियादी राजा के पास क्या फ़रियाद लेकर गया था?

उत्तर-फ़रियादी राजा के पास न्याय की फ़रियाद लेकर गया था क्योंकि उसकी बकरी कल्लू की दीवार गिर जाने के कारण नीचे दब कर मर गई थी |

प्रश्न 4- सिपाही गोवर्धनदास के पास क्यों गए?

उत्तर-सिपाही गोवर्धनदास के पास बकरी दीवार के नीचे दबने के अपराध में फाँसी पर चढ़ाने के लिए लेने गए थे|

प्रश्न 5- फाँसी से पहले गोवर्धनदास और महंत के बीच किस बात पर विवाद हो रहा था?

उत्तर-फाँसी से पहले गोवर्धनदास और महंत के बीच फाँसी पर पहले चढ़ने के लिए विवाद हो रहा था |

प्रश्न 6- अंत में फाँसी पर कौन चढ़ा?

उत्तर- अंत में फाँसी पर राजा चढ़ा|

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1- महंत जी ने पश्चिम की ओर किसको भेजा?

उत्तर- महंत जी ने पश्चिम की ओर गोवर्धनदास को भेजा |

प्रश्न 2- बनिए ने आटा, चावल आदि का भाव किसने पूछा?

उत्तर- बनिए ने आटा, चावल आदि का भाव गोवर्धनदास ने पूछा |

प्रश्न 3- गोवर्धनदास की भिक्षा में कितने पैसे मिले थे ?

उत्तर - गोवर्धनदास को भिक्षा में सात पैसे मिले थे |

प्रश्न 4- किसको निकालकर चुने वाले को पकड़ कर लाया जाता है?

उत्तर - कारीगर को निकालकर चुने वाले को पकड़ कर लाया जाता है |

प्रश्न 5- लोगों ने अंत में किसको टिकठी पर खड़ा किया ?

उत्तर - लोगों ने अंत में राजा को टिकठी पर खड़ा किया |

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1- गोवर्धनदास ने ऐसा क्यों कहा कि बड़ा आनंद है ?

उत्तर - गोवर्धनदास ने ऐसा कहा कि बड़ा आनंद है क्योंकि नगर में पूछे जाने पर बनिया कुँजड़िन और हलवाई ने आटे, चावल, चीनी, भाजी और मिठाई का मोल टके सेर बताया इसलिए गोवर्धनदास ने कहा बड़ा आनंद है |

प्रश्न 2-गोवर्धनदास ने अँधेर नगरी को छोड़ कर ना जाने का क्या कारण बताया ?

उत्तर- गोवर्धनदास खाने पीने का शौकीन था उसे यहां सभी तरह की स्वादिष्ट चीज़ें खाने को मिल रही थी और उसने ऐसा नगर इस संसार में नहीं देखा था इसलिए गोवर्धनदास अँधेर नगरी को छोड़कर नहीं जाना चाहता था |

प्रश्न 3- चूनेवाले और भिश्ती ने राजा को क्या बताया ?

उत्तर- चूनेवाले ने राजा को बताया कि भिश्ती ने चुने में पानी ज्यादा डाल दिया इसलिए चुना कमजोर हो गया था और भिश्ती ने बताया कि कसाई ने मसक इतनी बड़ी बना दी थी कि उसमें पानी ज्यादा आ गया |

प्रश्न 4-राजा और मंत्री ने कोतवाल को दोषी क्यों समझा ?

उत्तर- राजा और मंत्री ने कोतवाल को दोषी इसलिए समझा क्योंकि कोतवाल ने बहुत ही शानदार सवारी निकाली थी जिस कारण गडरिया छोटी बड़ी भेड़ का ख्याल न रखते हुए बड़ी भेड़ कसाई को दे दी |

प्रश्न 5- गोबर्धनदास को फाँसी पर चढ़ाने के लिए क्यों ले जाया जा रहा था ?

उत्तर- कल्लू की दीवार गिर जाने के कारण बकरी के नीचे दब जाने के अपराध में फांसी देने के लिए जो फंदा बनाया गया था वह बड़ा था और कोतवाल साहब पतले थे, गोवर्धनदास मिठाई खा-खा कर काफ़ी मोटा हो गया था , इसलिए गोवर्धनदास को फांसी के लिए उपयुक्त इंसान समझ कर पकड़ के ले जाया जा रहा था |

अपठित गद्यांश

क. बच्चा, माँग कर **<u>सात</u>** पैसे लाया हूँ |

ख. ऐसी नगरी में रहना सही बात नहीं है, जहाँ टके सेर **<u>भाजी</u>** और टके सेर खाजा मिलता है |

ग. कल्लू जाता है और **<u>कारीगर</u>** को पकड़ कर लाया जाता है |

घ. आप **<u>मोटे</u>** हैं इसलिए फाँसी लगेगी|

ङ़. राजा को लोग **<u>टिकठी</u>** पर खड़ा कर देते हैं |

2. किसने किससे कहा ?

क. "तो बाबा, कुछ लेना हो तो ले जाओ |" - **हलवाई ने गोवर्धनदास से कहा |**

ख. "बच्चा, यह कौन सी नगरी है ?" - **महंत जी ने गोवर्धनदास से कहा** |

ग. "महाराज कारीगर ने बनाई थी |" - **कल्लू ने राजा से कहा** |

घ. "स्वर्ग जाने में बूढ़ा-जवान क्या ?" - **गोवर्धनदास ने महंत जी से कहा |**